दैनिक भास्कर 16/09/2023

ईच वन रीच वन कार्यक्रम में स्वच्छता पर किया जागरूक

अम्बाला | कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस स्वस्थ भारत मिशन एवं एसडीजी के संयुक्त तत्वावधान में ईच वन रीच वन कार्यक्रम गांव खुड्डा कलां में किया जिसका उद्देश्य गांव में स्वच्छता और विकास के संदर्भ में लोगों को जागरूक करना रहा। डॉ. राकेश कुमार, संयोजक यूथ रेडक्रॉस ने बताया कि गांव में लोगों से संपर्क किया। गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, पौधारोपण और स्वच्छता के लिए सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। गांव के सरपंच धर्मपाल, पूर्व सरपंच बृजपाल चौहान, श्यामलाल, कुलदीप, कृष्ण कुमार, सुरेश कुमार, ज्ञानचंद आदि से विचार सांझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जीएमएन कॉलेज के प्रांगण में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में करन, विकास, गायत्री, रोहित, सिमरन, स्वाति, विदुषी आदि लोग मौजूद रहे।